Title: Need to build the Ghorasahan-Sitamarhi road on Indo-Nepal border.

श्री सीताराम सिंह (शिवहर) : महोदय, भारत-नेपाल सीमा पर स्थित घोड़ासाहन बैरगनियां ढेंग रेलवे पुल बागमती नदी पर होते हुए, ढेंग रेलवे स्टेशन से मेजरगंज प्रखंड रीगा होते हुए जिला मुख्यालय सीतामढ़ी तक का रोड एवं पुल बनाए जाने की आवश्यकता है। यह पथ दो देशों का सम्पर्क पथ है। यह इलाका अति पिछड़ा और संवेदनशील होने के कारण इस पथ का निर्माण किया जाना अत्यंत ही आवश्यक है।

अतएव केन्द्र सरकार से मांग है कि यथाशीघ्र इस सीमा पथ का निर्माण किया जाए।